>

Title: Need to lay Bahraich-Gilola, and Ikauna-Bhinga-Shrawasti-Balrampur railway line in Shrawasti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): आपने लोक महत्व के प्रश्न पर सदन और सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का अवसर दिया इसके लिए मैं आपका बहुत ही आभारी हूं। मैं श्रावस्ती निर्वाचन क्षेत्र से चुन कर आया हूं, वह न ही सिर्फ पर्यटन स्थली है बल्कि अंतराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ एक ऐसा जनपद है जो डेवलपमेंट इंडेक्स में बहुत ही पीछे है।

मान्यवर, शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसा हुआ - श्रावस्ती जनपद अंतर्राष्ट्रीय सीमा, सामरिक महत्व, पर्यटन स्थल वन्य जीव और संरक्षित वन क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है और विकास की बाट आज भी जोह रहा है। विकास की सूची में सबसे पीछे होने के कारण और वन क्षेत्रों से अच्छादित होने के कारण नेपाल के माओवादी और बिहार तथा झारखंड नक्सलवादियों का एक गढ़-सा बनता जा रहा है। चीन, जो भारत की तरफ कुदृष्टि लगाए बैठा है, वह भी उसी रास्ते से बराबर पैर जमाने की कोशिश करता रहता है। ऐसे जनपद में आज तक रेलवे लाइन का न होना, रेल ट्रैक का न होना एक बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण विषय है।

महोदय, आपके माध्यम से इस सदन से, यूपीए सरकार और यूपीए सरकार की चेयरपर्सन, माननीय सोनिया गांधी जी और माननीय रेल मंत्री पवन बंसल जी का बहुत ही आभारी रहूंगा कि अगर वे अपनी दृष्टि इस जनपद पर डालें। वहां की जनता आज भी बड़ी टकटकी निगाह से इस सरकार की उस महत्वपूर्ण फैसल की ओर देख रही है कि कब श्रावस्ती जनपद को रेल मार्ग और रेल सुविधाएं मुहैया होंगी और वह विकास की गति में आगे बढ़ेगा। विगत रेल मंत्रियों की दृष्टि उधर नहीं गई। मैं बराबर आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करता रहा हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार निश्चित रूप से आने वाली बजट में रेलवे का विस्तार श्रावस्ती को अवश्य मिलेगा।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please be very brief. Many Members are waiting for their turns.